गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम – महारत्न कंपनी)
GAIL (India) Limited
(A Government of India Undertaking - A Maharatna Company)

गेल भवन,
16 भीकाएजी कामा प्लेस
नई दिल्ली-110066, भारत
GAIL BHAWAN,
16 BHIKAIJI CAMA PLACE
NEW DELHI-110066, INDIA
फोन/PHONE: +91 11 26182955
फैक्स/FAX: +91 11 26185941
ई–मेल/E-mail: info@gail.co.in

एनडी/गेल/सेक्ट/2021 14.12.2021

1. लिस्टिंग अनुपालन नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड एक्सचेंज प्लाजा, 5वीं मंजिल, प्लॉट सं. सी/1, जी ब्लॉक, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व) मुंबई-400 051 स्क्रिप कोड: गेल-ईक्यू	2. लिस्टिंग विभाग, बीएसई लिमिटेड फ्लोर 1, फिरोज जीजीभॉय टॉवर्स, दलाल स्ट्रीट, मुंबई- 400001 स्क्रिप कोड: 532155

महोदय/महोदया,

"श्री मिलिंद सोमन ने वायु प्रदूषण के विरुद्ध जागरुकता बढ़ाने के लिए साइकल पर मुम्बई से दिल्ली तक 1000 किमी लम्बी 'ग्रीन राइड' का समापन किया. गेल द्वारा 'हवा बदलो' पहल के रूप में कार्यक्रम आयोजित किया गया" विषय संबंधी प्रेस विज्ञप्ति संलग्न है ।

धन्यवाद,
भवदीय,

(ए. के. झा)
कंपनी सचिव

संलग्न : उपर्युक्त के अनुसार
प्रति:

1. ड्यूश बैंक ए जी, फिलिआले मुंबई ध्यानाकर्षण : सुश्री अपर्णा सालुंके
टीएसएस एंड ग्लोबल इक्विटी सर्विसेस
द कैपिटल, 14वीं मंज़िल
सी-70, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स मुम्बई-400051

गेल (इंडिया) लिमिटेड

प्रेस विज्ञप्ति

श्री मिलिंद सोमन ने वायु प्रदूषण के विरुद्ध जागरुकता बढ़ाने के लिए साइकल पर मुम्बई से दिल्ली तक 1000 किमी लम्बी 'ग्रीन राइड' का समापन किया

गेल द्वारा 'हवा बदलो' पहल के रूप में कार्यक्रम आयोजित किया गया

नई दिल्ली, दिसम्बर 14, 2021: वायु प्रदूषण के विरुद्ध जागरूकता बढ़ाने के लिए मुंबई से 1,000 किमी लंबी साइकिल यात्रा के बाद, फिटनेस आइकन श्री मिलिंद सोमन दिल्ली पहुंचे, जहां उन्होंने गेल (इंडिया) लिमिटेड द्वारा संचालित *'ग्रीन राइड - एक पहल स्वच्छ हवा की ओर'* का समापन किया। इस अवसर पर गेल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री मनोज जैन, निदेशक (विपणन) श्री ई एस रंगनाथन, निदेशक (वित्त) श्री आर के जैन, मुख्य सतर्कता अधिकारी श्रीमती शुभा नरेश भंभानी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

ग्रीन राइड दल मुंबई से दिनांक 03 दिसंबर, 2021 को शुरू हुआ और नई दिल्ली पहुंचने से पहले महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान और हरियाणा से गुजरा।

इस अवसर पर गेल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री मनोज जैन ने कहा कि गेल वायु प्रदूषण के विरुद्ध लड़ाई में हमेशा अग्रणी रहा है। कंपनी की सोशल मीडिया पहल 'हवा बदलो', जो खतरे के विरुद्ध जागरूकता बढ़ाने का प्रयास करती है, 100 मिलियन से अधिक बार नेटिज़न्स तक पहुंच चुकी है। "स्थायी और पर्यावरण के अनुकूल जीवन शैली के लिए जागरूकता बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता के भाग के रूप में गेल ने *ग्रीन राइड - एक पहल स्वच्छ हवा की ओर* के साथ भागीदारी की, जो फिटनेस आइकन श्री मिलिंद सोमन द्वारा जागरूकता बढ़ाने और भारत के लोगों को स्वच्छ हवा की ओर उनके योगदान हेतु प्रोत्साहित करने के लिए एक अनूठी पहल है," श्री जैन ने कहा।

"प्रसन्न, आभारी और प्रफुल्लित! यह मुंबई से दिल्ली तक साइकिल पर मेरी यात्रा का सार है। ग्रीन राइड परिवहन के स्वस्थ साधनों का पता लगाने और उन्हें बढ़ावा देने का एक प्रयास था," श्री सोमन ने कहा। "मुझे आशा है कि मैं इस बारे में कुछ और जागरूकता पैदा करने में सक्षम था कि हम जिस हवा में सांस लेते हैं उसे कैसे प्रदूषित कर रहे हैं और इस प्रदूषण को कम करने के लिए हम सभी प्रयास कर सकते हैं! हर छोटा कदम जो हम उठाते हैं, जैसे कार पूल चुनना, पेड़ लगाना, कार के बजाय साइकिल का चुनाव करना, धूम्रपान छोड़ना और कई अन्य छोटे तरीके हमारे और इस ग्रह पर मौजूद संपूर्ण जीवन के लिए पर्यावरण को स्वस्थ बनाने में एक बड़ी भूमिका निभाते हैं। भविष्य में इस तरह की और पहलों के माध्यम से इस अभियान व अन्य महत्वपूर्ण अभियानों के लिए समर्थन करते रहेंगे," उन्होंने कहा।

बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा प्रस्तुत और गेल (इंडिया) लिमिटेड द्वारा आयोजित, श्री मिलिंद सोमन ने विभिन्न स्थानों पर मीडिया से बातचीत की, पर्यावरणविदों, ग्रामीण छात्रों से मुलाकात की और स्वच्छ हवा के मुद्दे पर जागरूकता फैलाने के लिए अपने मार्ग पर पौधे लगाए। उन्होंने विभिन्न स्थानों पर गेल के कर्मचारियों के साथ भी बातचीत की और उनके साथ स्वास्थ्य, फिटनेस और पर्यावरण के मुद्दों पर चर्चा की।